an>

Title: Regarding Irregularities in the revenue of the different coal mines at Pakur district of Jharkhand

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं झारखंड राज्य के पाकुड़ जिला में पैनम कोल माइन्स के विभिन्न कोयला खदानों में राजस्व में गड़बड़ी और ईस्टर्न कोल फील्ड लिमिटेड के राजस्व के नुकसान के संदर्भ में कहना चाहता हूं। वहां कोयले में आग लगा दी गयी है, ताकि जले हुए कोयले पर कम्पनी द्वारा राजस्व का भुगतान न करना पड़े। इस कम्पनी के माध्यम से पाकुड़ जिला, अमड़ापाड़ा स्थित पछ्वारा में सैन्ट्रल कोल ब्लाक का आवंटन स्टेट पावर कारपोरेशन को किया गया। पूर्व में इसे एम्टा कम्पनी के साथ पंजाब पावर कारपोरेशन को कोल ब्लाक दिया गया और आज की तारीख में उपायुक्त पाकुड़ द्वारा 9,991.91 लाख करोड़ रुपये के राजस्व की हानि हुई है।

अतः मैं सरकार से मांग करना चाहता हूं कि अविलंब इसकी जांच की जाये और झारखंड सरकार को उसका लाभ मिले। बहुत-बहुत धन्यवाद।